पंजाब में पहली बार बहुकोणीय मुकाबला

पारंपरिक द्विध्रुवीय मुकाबले में इस बार चार प्रमुख दावेदारों - कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल और नवगठित पंजाब लोक कांग्रेस - के साथ बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है, जिससे पंजाब की लड़ाई कठिन होती जा रही है। इसे बाहर निकालना। इस बार पंजाब किसे चुनेगा।

राजनीतिक

- **दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने की संभावना**

अफवाहों की मानें तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने की संभावना है। विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

- **क्या कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिल रहे**

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी को कथित तौर पर सभी लोकसभा सीटों के लिए, खासकर बंगाल में, पर्याप्त उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं।

नौकरशाही

- **दाते नए नए डीजी एनआईए**

सदानंद वसंत दाते होंगे एनआईए के नए डीजी। महाराष्ट्र कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी दिनकर गुप्ता का स्थान लेंगे।

- **राजीव कुमार शर्मा नए डीजी बीपीआरएंडडी**

राजीव कुमार शर्मा 1 अप्रैल को डीजी बीपीआर एंड डी के रूप में बालाजी श्रीवास्तव का स्थान लेंगे। वह राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **पीयूष आनंद एनडीआरएफ के नए महानिदेशक**

पीयूष आनंद 1 अप्रैल को एनडीआरएफ के महानिदेशक के रूप में अतुल करवाल का स्थान लेंगे। वह यूपी कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **प्रदीप सिंह खरोला कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष भी**

भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के सीएमडी प्रदीप सिंह खरोला को 1 मई, 2024 से नियमित पदधारी की नियुक्ति तक कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह कर्नाटक कैडर के 1985 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।

- **अतुल करवाल इसी महीने रिटायर हो रहे हैं**

एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह 1988 बैच के गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **उत्तर प्रदेश से सचिव पद पर कोई पैनलीकरण नहीं**

उत्तर प्रदेश से 1993 बैच के किसी भी आईएएस अधिकारी को भारत सरकार में सचिव या सचिव समकक्ष पद संभालने के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है।

- **सर्वेश राय भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में सूचीबद्ध**

सर्वेश राय को भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पद संभालने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वह एजीएमयूटी कैडर के 1991 बैच के आईएफओएस अधिकारी हैं।

- **ठाकुर म्यांमार संघ गणराज्य में भारत के राजदूत**

अभय ठाकुर (आईएफएस: 1992), जो वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी हैं, को म्यांमार संघ गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

- **विपुल कुमार सीआरपीएफ आईजी नियुक्त**

विपुल कुमार को पांच साल की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर आईजी, सीआरपीएफ के रूप में नियुक्त किया गया है। वह कर्नाटक कैडर के 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **एस गोपालकृष्णन को ईडी, यूआईआईसीएल नियुक्त**

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआई आई सीएल) के महाप्रबंधक और निदेशक सुंदररमन गोपालकृष्णन को 21 दिसंबर, 2023 से काल्पनिक आधार पर कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर अपग्रेड किया गया है।

- **टीएफ मलियाक्केल एनआईएसीएल के ईडी नियुक्त**

न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) के महाप्रबंधक और निदेशक टाइटस फ्रांसिस मलियाक्केल को 21 दिसंबर, 2023 से काल्पनिक आधार पर कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर अपग्रेड किया गया है।

- **सुश्री श्रीवास्तव ईडी, एनआईएसीएल नियुक्त**

न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) की महाप्रबंधक और निदेशक सुश्री स्मिता श्रीवास्तव को 21 दिसंबर, 2023 से काल्पनिक आधार पर कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर अपग्रेड किया गया है।

- **पंकज नरेश अग्रवाल का प्रतिनियुक्ति कार्यकाल घटाया**

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनसीएम) में प्रतिनियुक्ति पर निदेशक पद पर कार्यरत पंकज नरेश अग्रवाल का कार्यकाल कम कर दिया गया है। वह 2007 बैच के आईओएफएस अधिकारी हैं।

- **राकेश कुमार का प्रतिनियुक्ति कार्यकाल घटाया**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के ओएसडी के रूप में कार्यरत राकेश कुमार का कार्यकाल कम कर दिया गया है। वह बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।

- **मनीष कुमार उप सचिव खान नियुक्त किया**

मनीष कुमार को खान मंत्रालय में उप सचिव नियुक्त किया गया है। वह महाराष्ट्र कैडर के 2011 बैच के आईएफओएस अधिकारी हैं।

- **समीर पांडे का पद निदेशक स्तर पर अपग्रेड**

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग में एनवीएस के संयुक्त आयुक्त के रूप में समीर पांडे के पद को निदेशक स्तर पर अपग्रेड किया गया है। वह 2010 बैच के आईआरएस-सीएंड सीई अधिकारी हैं।

- **जितेंद्र सिंह को निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण नियुक्त**

जितेंद्र सिंह को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में निदेशक नियुक्त किया गया है। वह 2008 बैच के आईईएस अधिकारी हैं।

सीएम योगी ने उतारी भगवान नरसिंह की आरती अबीर-गुलाल और फूलों की पंखुड़ियां उड़ाईं

गोरखपुर।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है। इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है तो साथ ही यह संदेश भी है कि सनातन धर्म सह अस्तित्व में, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है।

सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर गोरखपुर के घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज

सुरक्षित और समृद्ध है, इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त कर, सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता।

सीएम योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे, उसे रंग न लगाएं। साथ ही नब्बे वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की। लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल पंखुड़ियां उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओम जालान, सुरजीत, आत्मा जी, श्री होलिकोत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज जालान, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

मोदी की पहली चुनावी रैली 30 मार्च को, मेरठ से फूकेंगे चुनावी बिगुल

लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को मेरठ से उत्तर प्रदेश में चुनावी शंखनाद करेंगे। 30 मार्च को वह मेरठ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रत्याशियों के समर्थन में रैली करेंगे। इस रैली में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी शामिल होंगे। इसे लेकर मंगलवार को दोनों पार्टियों के प्रदेश पदाधिकारियों की समन्वय समिति की बैठक भी हुई है।

प्रदेश में पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसके लिए नामांकन चल रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रैली के माध्यम से गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। मेरठ से भाजपा ने हाल ही में अरुण गोविल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं एनडीए में शामिल होने के बाद जयंत चौधरी भी पहली बार पीएम मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। रालोद के राष्ट्रीय सचिव

अनुपम मिश्रा ने बताया कि 30 मार्च को पीएम मोदी व जयंत चौधरी की संयुक्त रैली की तैयारी तेजी से शुरू कर दी गई है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी की चुनावी सभाएं 28 मार्च से शुरू हो रही हैं। 28 को वह अमरोहा व बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में सभा करेंगे। 31 मार्च को वह मुजफ्फरनगर व बागपत लोकसभा क्षेत्र में, दो अप्रैल को कैराना व बागपत लोकसभा क्षेत्र तथा चार अप्रैल को बिजनौर व बागपत लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित सभा संबोधित करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना 29 अप्रैल को

प्रयागराज।

जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 06 मई एवं जांच 07 मई को होगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 09 मई निर्धारित है। मतदान 25 मई एवं मतगणना 04 जून को होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि 16 मार्च से ही आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहित के उल्लंघन की रिपोर्टिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सीविजिल ऐप चालू किया गया है। जो नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फील्ड यूनिट फ्लाइंग स्क्वायड निगरानी दलों के साथ जोड़ता है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने पर त्वरित जांच करायी जाती है और घटना सही पाये जाने पर सूचना भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय पोर्टल पर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा जाता है।

एंड्रॉयड के लिए प्ले स्टोर तथा फोन के लिए ऐप स्टोर से सीविजिल ऐप को डाउनलोड करें। तत्पश्चात् ऐप को ओपेन तथा मोबाइल नम्बर से ओटीपी प्राप्त कर लॉग इन करें। किसी भी स्थान पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सीविजिल ऐप के माध्यम से फोटो, वीडिया, ऑडियो को ऐप पर अपलोड कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

पिछले चार चुनावों में दो बार भाजपा ने जीती सबसे ज्यादा सुरक्षित सीटें

लखनऊ।

प्रदेश में लोकसभा की आरक्षित सीटों का मिजाज कुछ अलग होता है। चक्रव्यूह कुछ अलग होता है। मिजाज इसलिए अलग क्योंकि जो बुनियादी मुद्दों को छूता है, वही इन सीटों पर फतह हासिल करता है। इतिहास बताता है कि इन सीटों से निकला संदेश अन्य सीटों के परिणाम को भी प्रभावित करता है। इतिहास यह भी बताता है कि सत्ता के शिखर तक पहुंचाने के लिए इन सीटों ने मजबूत सीढ़ियां तैयार करने का काम किया है। जिस दल ने इन सीटों का गणित समझ लिया, उसकी नैया पार हो गई। भाजपा ने इस फॉर्मूले को समझा और पिछले दो चुनावों में सबसे ज्यादा आरक्षित सीटों पर विजय पताका फहराई।

प्रदेश के बंटवारे से पहले यूपी में अनुसूचित वर्ग के लिए लोकसभा की (18) सीटों को आरक्षित किया गया था। उत्तराखंड बनने के बाद एक सीट कम हो गई और यूपी में कुल 17 सीटें बचीं। विभाजन के बाद वर्ष 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात्र तीन आरक्षित सीटों पर सफलता मिली। इसमें बसपा ने 5, कांग्रेस व अन्य ने 1-1 सीट पर जीत हासिल की। वहीं सपा ने सबसे ज्यादा 7 सीटें जीत लीं। अहम बात यह है कि बंटवारे से ठीक पहले वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 7 आरक्षित सीटें जीती थीं। वहीं बसपा ने 5 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इन दोनों को ही वर्ष 2004 के चुनाव में तगड़ा झटका लगा। हालांकि सपा की दो सीटें बढ़ गई थीं।

पिछले चार लोकसभा चुनावों की बात करें, तो अब तक सबसे ज्यादा आरक्षित सीटें भाजपा ने जीती हैं। इन चार चुनावों को जोड़कर देखा जाए तो भाजपा ने कुल 37 सीटें जीतीं। बसपा ने 9, कांग्रेस ने 3, सपा ने 17 व दो अन्य ने इन सीटों पर जीत का परचम लहराया। आंकड़े बताते हैं कि जब भी भाजपा ने सुरक्षित सीटों पर बढ़त हासिल की, उसकी केंद्र में सरकार बनी। यही कारण है कि इन सीटों पर भाजपा ने विशेष काम किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त-2 तहसील हुजूर जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 5463/अ-6/2023-24
मौजा- झागरिया खुर्द, तहसील हुजूर भोपाल

उद्घोषणा पत्र

आवेदक श्रीमती निर्मला देवी स्व. बी.पी. सिंह व अन्य एम.आई.जी. 121 सेक्टर ए साकेत नगर हबीबगंज हुजूर जिला भोपाल म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम झागरिया खुर्द प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा 108, 109, 110, 111, 113/5, 123/2 कुल रकबा 1.590 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेखों में आवेदक के स्व. बी.पी. सिंह के नाम पर दर्ज है, जिस आधार पर फौती नामांतरण किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 5.4.2024 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 26.03.2024 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर जिला भोपाल
5040

In The Court Of V Civil Judge Class-I District Court Bhopal
Presiding Officer: सुश्री अंकिता श्रीवास्तव
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)
(MJCSUC/0000049/2024)
रजनी कपूर..... आवेदक V/S
सर्वसाधारण ..... अनावेदक
Process Id- /2024
पेशी दिनांक : 06/05/2024

प्रेषिती: (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजनी कपूर पता ने मृतक मनीष कपूर आ. हीरानंद कपूर नि. म.नं. 50 प्रिंस कालोनी ईदगाह हिल्स भोपाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 6 मई 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 6 मई 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें, सूचना उपरांत यदि अनुपस्थिति रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। यह आज तारीख 20 मार्च 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

सुश्री अंकिता श्रीवास्तव, (न्यायाधीश)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)
5035

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता का नाम मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अंकसूचियों में मेरी माता का घर में संबोधित किया जाने वाला नाम नीलम कमाल त्रुटिवश अंकित है। जबकि उनके वास्तविक नाम अजीजुन्निसा है एवं उक्त नाम ही मेरी माता के आधार कार्ड, वोटर आई.डी. एवं अन्य दस्तावेज आदि में अंकित है, जिसे मैं अपने शैक्षणिक दस्तावेज में अजीजुन्निसा कराना चाहती हूं।

त्रुटिवश अंकित नाम- नीलम कमाल
वास्तविक नाम- अजीजुन्निसा
आवेदिका- उबेसा हसन
5037

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता का नाम मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अंकसूचियों में मेरी माता का घर में संबोधित किया जाने वाला नाम नीलम कमाल त्रुटिवश अंकित है। जबकि उनके वास्तविक नाम अजीजुन्निसा है एवं उक्त नाम ही मेरी माता के आधार कार्ड, वोटर आई.डी. एवं अन्य दस्तावेज आदि में अंकित है, जिसे मैं अपने शैक्षणिक दस्तावेज में अजीजुन्निसा कराना चाहती हूं।

त्रुटिवश अंकित नाम- नीलम कमाल
वास्तविक नाम- अजीजुन्निसा
आवेदिका- सिमरा कमाल खान, सिमरा कमाल खान माता अजीजुन्निसा।
5039

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता का नाम मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अंकसूचियों में मेरी माता का घर में संबोधित किया जाने वाला नाम नीलम कमाल त्रुटिवश अंकित है। जबकि उनके वास्तविक नाम अजीजुन्निसा है एवं उक्त नाम ही मेरी माता के आधार कार्ड, वोटर आई.डी. एवं अन्य दस्तावेज आदि में अंकित है, जिसे मैं अपने शैक्षणिक दस्तावेज में अजीजुन्निसा कराना चाहती हूं।

त्रुटिवश अंकित नाम- नीलम कमाल
वास्तविक नाम- अजीजुन्निसा
आवेदिका- सामिया सामिया कमाल खां पुत्री नासिर कमाल खान माता अजीजुन्निसा।
5036

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अंकसूचियों में मेरा मायके/घर में संबोधित किया जाने वाला नाम पूजा ओझा अंकित है एवं उक्त नाम ही मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज आदि में अंकित है। जबकि विवाह उपरांत मेरा वास्तविक नाम पूजा ओझा सिंह चौहान है जिसे मैं अपने शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों में पूजा ओझा सिंह चौहान कराना चाहती हूं।

पूर्व का नाम नाम- पूजा ओझा
वर्तमान नाम- पूजा ओझा सिंह चौहान
आवेदिका- पूजा ओझा सिंह चौहान
5038

न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 0167/अ-3/2023-24

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष नायक पिता नंदलाल नायक निवासी 67/2 पत्रकार कालोनी इंदौर म.प्र. म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 के अंतर्गत बटान किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बावड़ियाकलां प.ह.नं. 18 स्थित भूमि खसरा नंबर 56/2/102, 56/ख-2/4 रकबा 0.024, 0.013 हे. के भूमि का बटान राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति,/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 03/04/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27.3.2024 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल
5041

कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील कोलार जिला भोपाल
क्रमांक क्यू/2024 भोपाल दि. 20.03.2024

सूचना पत्र (वास्ते बटान)

प्रति,
1. श्री सुबोध कुमार आ. श्री धन्नालाल निवासी भोपाल, 2. द्वारका प्रसाद आ. श्री धन्नालाल निवासी भोपाल, 3. धनपत राय आ. स्यालू निवासी भोपाल, 4. नीता महुगांवकर पत्नी अजय महुगांवकर नि. ई-7/84 अरेरा कालोनी भोपाल, 5. डॉ. यशवंत मारू आ. स्व. मोहनलाल मारू नि. 278 जोन-2 एम.पी. नगर भोपाल, 6. सुधाकर सिंह आ. रामाअनुग्रह सिंह नि. उडापगीत अपार्टमेंट पदमावती कालोनी इंदौर, 7. राजकुमार सकलेचा आ. बीरेन्द्र कुमार सकलेचा नि. 15 सुभाष नगर भोपाल, 8. परिवार एज्युकेशन सो. द्वारा सेक्रेटरी विनायक लोहानी पिता नंदा बल्लभ लोहानी नि. भोपाल, 9. श्रीमती मधु गुप्ता आ. श्री ओमप्रकाश गुप्ता नि. भोपाल, 10. स्वर्ण बिल्डर्स द्वारा संजय जैन आ. एस.पी.जैन नि. 34 जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल, 11. अन्य पड़ोसी भूमिस्वामियां।

विषय:- बंटान किए जाने बावत सूचना पत्र,

संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्र. ../अ-3/2023-24 दिनांक ... के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम बावड़िया कलां प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. वृत्त 04 तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 110/3/1 रकबा 0.1500 हेक्टेयर कुल रकबा 0.1500 हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मधु गुप्ता पति श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी भोपाल के नाम से है का बंटान संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार तहसील कोलार जिला भोपाल द्वारा दिनांक 29.03.2024 को समय 12.00 ए.एम. बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस हेतु आप लोग मौके पर बंटान के समय उपस्थित रहें। यदि सूचना पत्र तमीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते हैं तो बंटान कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में बंटान की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.
5042

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी करोंद, बैरसिया रोड भोपाल में स्थित शेड क्रमांक 482/ए मण्डल द्वारा श्री इकबाल हुसैन आत्मज श्री सैफ उद्दीन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 17.12.1999 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 26.2.2021 को पंजीकृत है। उक्त संपत्ति की लीज समयावधि दिनांक 30.4.2041 तक वैध है। श्री इकबाल हुसैन आत्मज श्री सैफउद्दीन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री ताहिर हुसैन आत्मज श्री सैफुद्दीन सैफी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16.03.2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छाया प्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त सम्पत्ति श्री ताहिर हुसैन आत्मज श्री शैफुद्दीन सैफी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल
5043

जाहिर सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने श्री लक्ष्मी नारायण साहू आत्मज श्री गोपीलाल साहू निवासी मकान नं. 5556 कल्याण नगर विदिशा रोड भोपाल म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता भूखण्ड क्रमांक 3 जिसका क्षेत्रफल 15X30 =450 वर्गफिट है। जो कि खसरा क्र. 32/1 का अंश भाग होकर ग्राम पलासी पटवारी हल्का नं. 05 विकास खण्ड फन्दा तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. नगर निगम सीमा के अन्दर वार्ड क्र. 75 में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार हैं- दिशा पूर्व में अन्य की संपत्ति, दिशा पश्चिम में रास्ता, दिशा उत्तर में अन्य की संपत्ति, दिशा दक्षिण में रास्ता है, जिसे क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने बयाना/टोकन राशि अदा कर ही है। यदि उक्त प्लाट को विक्रय करने में किसी भी व्यक्ति, परिवार के अन्य सदस्य, रिश्तेदार, वारिसान या अन्य को कोई आपत्ति, बैंक लोन, गिरवी, बंधक, दान, वसीयत, जमानत, हस्तांतरण, किसी व्यक्ति से अनुबंध से ग्रसित हो, किसी भी न्यायालय में प्रकरण लंबित हो तो अपनी आपत्ति असली दस्तावेज के साथ इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में सम्पूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त प्लाट का पंजीयन/ रजिस्ट्री अपने पक्ष में कराने के लिए स्वतंत्र होंगे। अतः सूचित हो।

ललित कुमार, (एडवोकेट)
ऑफिस ठाकुर लॉ चैम्बर 62, श्री संकटमोटन हनुमान मंदिर काम्प्लेक्स करोंद चौराहा भोपाल म.प्र. मो. नं. 7974760907
5044

आपका राशिफल 28 मार्च

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामक